तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 3 मई 2026



12 सीईओ नागवंशी को दी विदाई



15 भुंजिया समाज में आज भी कायम है कांड विवाह





# उपमुख्यमंत्री साव का कोपरा आगमन आज, अटल जी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव 3 मई को नगर पंचायत कोपरा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के मूर्ति अनावरण के साथ नगर पंचायत में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री अरुण साव रविवार सुबह 11 बजे कोपरा पहुंचेंगे। यहां वे सबसे पहले भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद नगर पंचायत क्षेत्र में स्वीकृत सड़क, नाली, सामुदायिक भवन समेत करोड़ों की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद नगर के प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भवन में निर्मित 12 ज्योतिर्लिंग मूर्ति स्थापना तथा आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का लोकार्पण करने के साथ ब्रम्हा भोज में शामिल होंगे। तैयारियां पूरी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम- उप मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई हैं। इस दौरे को लेकर एसडीएम, तहसीलदार सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर बेरीकेडिंग, पार्किंग और बैठक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, उपाध्यक्ष तारिणी सेन सहित सभी पार्षद तैयारी में लगे हुए हैं। नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रजत जयंती के अवसर पर रविवार को आयोजित समारोह के एक दिन पूर्व नगर की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जो पूरे नगर भ्रमण के बाद देर शाम वापस विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे। इस दौरान बीके कुंती दीदी, बीके लेखनी साहू, लोकेश साहू आदि शामिल थे।

**अरुण साव का आगमन आज- सुरसाबांधा।** राज्य के डिप्टी सीएम अरुण साव आज राजिम विधानसभा क्षेत्र के दौरे पे आ रहे है। श्री साव के साथ राजिम विधायक रोहित साहू रहेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने बताया कि श्री साव का राजिम एवं श्यामनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियो द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। महामंत्री श्री साहू ने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया जाएगा।

## करोड़ों के विकास कार्यों की देंगे सौगात



## जिला साहू संघ का शपथ ग्रहण आज, डिप्टी सीएम साव होंगे मुख्य अतिथि




**गरियाबंद।** जिला साहू संघ गरियाबंद के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों सहित पूरे कार्यकारिणी टीम का शपथ ग्रहण समारोह 3 मई को साहू छात्रावास भवन में जिला साहू संघ गरियाबंद अध्यक्ष प्रवीण साहू के नेतृत्व में आयोजन किया जाना है। इस आयोजन को लेकर साहू समाज में उत्साह का माहौल है,वही जिला साहू संघ के पदाधिकारी तैयारी में जोर-जोर से जुटे हुए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू करेंगे, प्रमुख अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साव पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, की उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल राम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव,विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में जिला साहू संघ गरियाबंद के समस्त पदाधिकारीयों को गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी कार्यक्रम कार्यक्रम के माध्यम से समाज संगठन को और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने तथा भावी योजनाओं की दिशा तय करने पर चर्चा की जाएगी। इस आयोजन में गरियाबंद जिला के समस्त तहसील साहू संघ, समस्त परिक्षेत्र साहू संघ, समस्त नगर साहू, एवं ग्रामीण साहू समाज से जिला मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने इस आयोजन को सफल बनाने समस्त समाजिक जनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपिल की।






# अज्ञात वाहन की चपेट में आया डीजे ऑपरेटर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक डीजे ऑपरेटर को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का सिर बुरी तरह कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राजिम के महाड़िक पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार रात करीब 10.30 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में नवापारा निवासी जागेश्वर ध्रुव 22 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है जागेश्वर डीजे ऑपरेटर का काम करता था। गुरुवार को वह पथर्रा में एक समारोह में डीजे बजाने के बाद अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का सिर और शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। हादसे के तुरंत बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद आसपास के लोग और राहगीर बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही राजिम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।










संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरोप्रमुख जिला गरियाबंद, मो. 9993223300







प्रस्तुति : गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरोप्रमुख जिला गरियाबंद, मो. 9993223300 संकलनकर्ता - उरेन्द्र साहू

## खबर संक्षेप

### बुद्ध पूर्णिमा पर भंडारा प्रसाद वितरण



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर मे आज शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध महार समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुद्ध पूर्णिमा के 2588 जयंती पर समाज द्वारा त्रिशरण पंचशील बुद्ध वंदना धम्म वंदना संघ वंदना का पाठ कर खीर पूड़ी और प्रसाद का वितरण किया जिसमें बुद्ध महार समाज के अध्यक्ष ललित डाहटे, खिलेंद्र कुटारे सचिव, नंदलाल वासनिक, त्रिभुवन वासनीकर, गौरव बम्बोड़े,वेदांत बांबोड़े, खन्ना रामटेके, अश्वनी बांबोड़े, कबीर बाम्बोड़े, ऋषि दहते केशव मेनपाल, विजयलक्ष्मी सुखदेवे,शोभा रामटेके, रूपाली कुटारे, शकुंतला रामटेके, श्वेता बंबोड, आराधना मेश्राम और समाज के लोग उपस्थित थे।

### फिंगेश्वर में श्रमिकों ने काम बंद कर खाया बोरे बासी

**फिंगेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अंचल मे श्रमिकों ने अपना अपना काम बंद कर अपने निवास पर पारंपरिक अंदाज में बोरे–बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल भोजन नहलृ, बल्कि मेहनतकश वर्ग के सम्मान का प्रतीक है। श्रमिक दिवस को लेकर टिंबर व्यवसायी नोसराम साहू कहा कि बोरे–बासी छत्तीसगढ़ के किसान और मजदूरों का सदियों पुराना मुख्य आहार रहा है,जिसे आज पहचान मिल रही है।उन्होंने इसे गमएँ के मौसम में इसे "अमृत" बताते हुए कहा कि इसमें भरपूर पोषक तत्व और विटामिन मिलता है जो शरीर को ठंडक और ऊर्जा दोनों प्रदान करते हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि यह परंपरा अब गांवों से निकलकर शहरों तक पहुंच रही है।सभी वर्ग के लोगों ने बोरे बासी आहार का इस भीषण गर्मी मे सबसे अच्छा आहार बताया। यह आहार नई पीढ़ी अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा है। तपती गर्मी और 40 डिग्री के पार जाते तापमान में काम करने वाले मजदूरों के लिए बोरे–बासी किसी पावरहाउस से कम नहलृ है। यह शरीर में पानी की कमी को दूर करता है और लू से बचाने में मददगार साबित होता है।खेतों और निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए यह सस्ता, सुलभ और बेहद पौष्टिक आहार है।

### तुमगांव में शिवकथा ज्ञान यज्ञ आज से

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान ब्रम्हा कुमारी आस्था दीदी सिवनी मध्यप्रदेश के द्वारा ग्राम तुमगांव के वार्ड नं 14 के डोम शेड भाटापारा में 3 मई से 10 मई तक शाम 5 बजे से रात्रि 8.30 बजे से श्री शिव कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने समस्त ग्रामवासियों से इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

**जांच जारी :** जांच के घेरे में डीईओ, अधीनस्थों से जांच पर उठे सवाल

# अवैध वसूली कांड, जांच कमेटियों का खेल शुरू, दो समितियां भंग, तीसरी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा के नाम पर कथित अवैध वसूली का मामला अब और गरमा गया है। इस मामले की जांच करने से हाथ खड़े कर दिए जांच कमेटी के सदस्य। दो बार बदल गए जांच कमेटी अब तीसरे कमेटी बनाने की सुगबुगाहट। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है, वहीं शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है। मामला अब जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) जगजीत धीर तक पहुंच चुका है और जांच प्रक्रिया को लेकर लगातार संदेह गहराता जा रहा है। मामले की आंच बढ़ते ही डीईओ द्वारा पहली बार तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई, जिसमें प्राचार्य एमआर खान (रानीपरतेवा), आरएन मिश्रा (बिजली) और आलोक शर्मा (किरवई) को शामिल किया गया। हालांकि, जांच शुरू होने से पहले ही समिति के सदस्यों ने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद दूसरी बार नई जांच कमेटी बनाई गई, जिसमें वाय.आर. साहू (प्राचार्य, पाण्डुका) और गजेंद्र ध्रुव (विकासखंड शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद) को जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन यह समिति भी जांच शुरू होने से पहले ही निरस्त कर दी गई। अब खबर है कि तीसरी बार फिर एक नई जांच कमेटी बनाई गई है, जिसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। लगातार कमेटियों के गठन और निरस्तीकरण से पूरे मामले में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अधीनस्थों से जांच, निष्पक्षता पर उठे प्रश्न–** गौरतलब है कि अब तक गठित सभी जांच समितियों में शिक्षा विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों को ही शामिल किया गया है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या ये समितियां अपने ही वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर पाएंगी।

**कलेक्टर ने दी सख्त कार्रवाई के संकेत–** इस संबंध में गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने हरिभूमि से चर्चा में स्पष्ट कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग में अवैध वसूली के मामले की जांच के लिए राजिम एसडीएम विशाल महाराणा को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया जारी है और रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




### जांच जारी, पूछताछ का दौर

*एसडीएम विशाल महाराणा ने पुष्टि की है कि जांच जारी है। अब तक बीईओ, संकुल समन्वयक और डीईओ से पूछताछ की जा चुकी है, जबकि कुछ शिक्षकों से पूछताछ अभी बाकी है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी। पूरे घटनाक्रम के बीच सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि यह वसूली स्थानीय स्तर की पहल थी या फिर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर संगठित तरीके से की गई। अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी।*

### व्हाट्सएप मैसेज बने अहम साक्ष्य

*प्रारंभिक जांच में डीईओ के मोबाइल नंबर से आधिकारिक और निजी व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे गए संदेश सामने आए हैं, जिनमें स्कूलों से स्थानीय स्तर पर राशि व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे। इन संदेशों के स्क्रीनशॉट मिलने के बाद मामला और गंभीर हो गया है।*

### 150-300 रुपए वसूली का आरोप

*मामले की शुरुआत तब हुई जब स्कूलों में परीक्षा परिणाम और फर्द दस्तावेज तैयार करने के नाम पर छात्रों से 150 से 300 रुपए तक वसूली की शिकायत सामने आई। खबर के बाद शिक्षक वर्ग में आक्रोश फैल गया और निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई।*

# सीईओ नागवंशी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी सेवा निवृत्त होने पर उन्हे जनपद पंचायत मैनपुर सभी अधिकारी कर्मचारियों ने उनके खुशहाल जीवन कामना की है तो वहीं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गरियाबंद प्रखर चंद्राकर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। ज्ञात हो कि श्री डी एस नागवंशी मैनपुर जनपद पंचायत मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप मे बेहतर कार्य किये साथ ही क्षेत्र के दौरा कर ग्रामीणो से मुलाकात कर उनके समस्याओ के समाधान करने मे

# प्रधान पाठक मुकुंद दास को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नागेश में पदस्थ प्रधान पाठक मुकुंद दास साहू के सेवानिवृत होने पर संकुल केंद्र उदंती द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल केंद्र उदंती के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य ने सेवानिवृत प्रधान पाठक को अभिनंदन पत्र प्रदान करते हुए उसके शिक्षकीय जीवन में उसके द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उससे प्रेरणा लेते हुए हमें भी अपने कर्तव्यो के प्रति सजग रहने कहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकुंद दास साहू प्रधान पाठक सेवानिवृत ने संकुल केंद्र उदंती के समस्त प्रधान पाठक एवं शिक्षकों द्वारा एक साथ इस प्रकार संकुल स्तरीय विदाई समारोह के कार्यक्रम में एकजुट होकर कार्य करते रहने के लिए अपने उद्बोधन में कहा गया । संकुल केंद्र उदंती के तरफ से भेट स्वरूप शाल, श्रीफल ,पेन, डायरी ,छाता, थर्मस पानी बाटला, स्कार्फ अभिनंदन पत्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य राम प्रसाद साहू, संकुल समन्वयक धनेश्वर सोरी , सुरेश कुमार बंजारे, संजय कुमार कश्यप, राजकपूर साहू, कुंवर सिंह नागेश, दिलीप कुमार वर्मा, अजय कुमार सिन्हा, गजमन साहू, चन्द्रभान नाग, धनीराम नेताम, सूरज नागवंशी, भरत कुमार त्रिपाठी, देवशरण साहू, प्रवीण कुमार तिवारी शिक्षक, छात्र छात्रओं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मानिकचौरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन, तेजस्वी ने 10वीं में 95.66 प्रतिशत के साथ किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकचौरी में कक्षा दसवीं में 89% एवं कक्षा 12वीं में 92.15% छात्रों ने सफलता हासिल की। कक्षा दसवीं में तेजस्वी साहू पिता ओमप्रकाश साहू ने 95.66% अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरब यादव पिता महेश यादव ने 92.8% अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा आलोक रात्रे पिता टिकेन्द्र रात्रे ने 93.16% प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में कुल दर्ज 44 में से 23 प्रथम श्रेणी, 14 द्वितीय श्रेणी तथा 2 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी तरह कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय रूपेन्द्र कुमार पिता नेमीचंद साहू ने 78.6% अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे। नामिका लहरी पिता मनोहर लहरी ने 77 % अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं चाँदनी मार्कण्डेय ने 75.4% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य शेखर साव ने उज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि शिक्षा जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है और यह सफलता केवल अंको तक सीमित नहीं बल्कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। सरपंच हेमलता साहू ने सफल विद्यार्थियों का सम्मान कर बधाई दी। पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों का सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। बच्चो को बधाई देने वालो में साहू समाज के अध्यक्ष रामखिलावन साहू ,भावना साहू,खिलावन साहू ,एस.एल. साहू ,योगिता यदु, अल्पना श्रीवास्तव ,शैलेंद्री मिरी, संतोषी बघेल,सारिका गुप्ता, रूक्साना बेगम, प्रियंका पटेल, रश्मि साहू ,अलका माखीजा ,हेमलता देवांगन, चांदनी दीवान ,लुकेश नामदेव आदि शामिल है।

### सरकड़ा स्कूल में 5 वीं व 8 वीं के परिणाम घोषित



**फिंगेश्वर।** विकास खंड फिंगेश्वर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा में 30 अप्रैल को सत्र 2025–26 के कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक की परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई जिसमे कक्षा 5 वी मे प्रथम स्थान जिज्ञांसु सिन्हा एवं द्वितीय स्थान विवेक यादव ने प्राप्त किया।इसी प्रकार कक्षा 8 वी मे प्रथम लेखनी सिन्हा एवं द्वितीय स्थान पायल ध्रुव ने प्राप्त की।इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष कुमार सिन्हा,उपसरपंच शेखर निषाद एवं पालक गण उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल था। शाला की शिक्षिका लता सोनी ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने स्कूल एवं अपने घर में जो मेहनत किया है वह परीक्षा का परिणाम बनकर आज सभी के सामने है। प्राथमिक परीक्षा मे कक्षा पहली में प्रथम स्थान एस कुमारी सिन्हा, द्वितीय स्थान वासनी ध्रुव रही। इसी प्रकार कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान हिमांशी तारक, द्वितीय स्थान रोमा पहाड़िया कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान सानिया सिन्हा, द्वितीय स्थान लक्ष्य ध्रुव, कक्षा चौथी में प्रथम स्थान भुनेश्वर तारक, द्वितीय स्थान हर्षिता ध्रुव रही।

# रसेला समिति में 5500 रुपए की दर से तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



हर साल गर्मियों के साथ शुरू होने वाला तेंदूपत्ता संग्रहण सिर्फ एक मौसमी काम नहीं, बल्कि लाखों संग्राहकों की आजीविका का आधार है। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 का छुरा परिक्षेत्र के अंतर्गत 16 लघु वनोपज सहकारी समितियों में एक मई दिन शुक्रवार को जनप्रतिनिधि, समिति के सदस्यगण, प्रबंधक, फंड मुंशी सहित सग्राहकों ने विधिवत पूजा अर्चना कर तेंदूपत्ता खरीदी का शुभारंभ किया गया। सुशासन सरकार की मोदी की गारंटी के तहत इस वर्ष प्रति मानक बोरा 5500 रुपए की दर से संग्रहण किया जा रहा है। जहां संग्राहकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़ने से लाखों परिवारों की आमदनी में बडा इजाफा होने जा रहा है। इसी कड़ी में लघु वनोपज सहकारी समिति रसेला में तेंदूपत्ता खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष रसेला समिति में 1800 मानक बोरा खरीदी करने लक्ष्य रखा गया है। इस समिति के अंतर्गत ग्राम रसेला में 360 संग्रहकर्ता,आमापारा 120,कुडेरादादर में 217,सुरगपानी 126, फूलबाहरा 160, मेडकीडबरी में 193 सहित समिति में 1176 संग्राहक शामिल हैं।

इस मौके पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों की जिंदगी का अहम हिस्सा है, बीड़ी उद्योग में इस्तेमाल होने वाले इन पत्तों की मांग हर साल बनी रहती है, और इसी सहारे हजारों गांवों में गर्मियों के महीनों में रोजगार मिलता है। यही वजह है कि तेंदूपत्ता संग्रहण को सरकार ग्रामीण रोजगार का मजबूत जरिया मानती है। समिति के अध्यक्ष भावसिह मरकाम ने कहा कि चार हजार रुपए से बढ़ाकर पांच हजार पांच सौ रुपए कर दिया है। इस दौरान प्रबंधक केशव यादव, फंड मुंशी अशवत सेन , खेमचंद ताण्डी,राजू सहित ठेकेदार और संग्राहक उपस्थित थे।

## नगर के झूलेलाल धर्मशाला में बाल समागम का आयोजन

# सतगुरु का ज्ञान ही सच्चा मार्ग: बहन सिमरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

नगर के सिंधी कॉलोनी स्थित धर्मशाला में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अभिभावक एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आध्यात्मिक मूल्यों, नैतिक शिक्षा और संस्कारों का विकास करना रहा। इस अवसर पर बहन सिमरन रहेजा ने अपने श्रीमुख से सतगुरु की सिखलाई प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीवन में सच्चे मार्ग पर चलने के लिए सदगुरू का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को प्रेम, सेवा, अनुशासन और मानवता के गुण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों ने उपस्थित जनों के मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। बाल समागम में धमतरी, महासमुंद और भूमका नगरी व राजिम से आए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने भजन, नृत्य, नाटक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सदगुरू की महिमा का सुंदर वर्णन किया। प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों का उत्साह और समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिसे उपस्थित जनों ने तालियों की गूंज के साथ सराहा। बाल समागम पर अपना विचार रखते हुए राजिम ब्रांच मुखी गांधी सचदेव ने कहा कि आज का यह निरंकारी बाल समागम हम सभी के लिए अत्यंत आनंद और प्रेरणा का अवसर है। बच्चे हमारे समाज और देश का भविष्य हैं, और ऐसे समागम उनके नैतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निरंकारी मिशन हमें सिखाता है कि सच्चा ज्ञान वही है जो हमें मानवता, प्रेम, सेवा और एकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करे। इस समागम के माध्यम से बच्चों को यह सीख मिलती है कि वे जीवन में सच्चाई, विनम्रता और सहयोग की भावना को अपनाएं।

### सच्चा ज्ञान वहीं है जो एकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें




यह मंच उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अच्छे संस्कारों को समझने का अवसर प्रदान करता है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम बच्चों को सही दिशा दें, उन्हें अच्छे विचारों से जोड़ें और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन करें। आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने जीवन में प्रेम, शांति और सेवा के मूल्यों को अपनाएंगे और समाज को एक बेहतर स्थान बनाने में अपना योगदान देंगे। धन्यवाद। आनंद और प्रेरणा का अवसर है। बच्चे हमारे समाज और देश का भविष्य हैं, और ऐसे समागम उनके नैतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निरंकारी मिशन हमें सिखाता है कि सच्चा ज्ञान वहीं है जो हमें मानवता, प्रेम, सेवा और एकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# भीषण गर्मी में जिले के गांवों को राहत, एक सप्ताह नहर से मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम विधायक रोहित साहू के पहल और निर्देश के बाद जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और ग्रामीणों की मांग को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने निस्तारी के लिए पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 15 अप्रैल को सिकासार जलाशय से जल प्रवाह बंद कर दिया गया था। इस पर राजिम विधायक रोहित साहू से चर्चा के बाद विभाग ने पुनः पानी छोड़ने का फैसला लिया। 1 मई से एक सप्ताह के लिए फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे ग्राम बेलर, बोड़की, जोगीडिपा और पतोरी घोघरा के ग्रामीणों को राहत मिलेगी। कुछ तालाबों को खेतों के रास्ते पानी पहुंचाकर भरा जाएगा। बताया है कि यदि इस दौरान खेतों में पानी जाने से किसी फसल को नुकसान होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी, न कि जल संसाधन विभाग की। साथ ही ग्रामीणों और किसानों से पानी का उपयोग सही से करने की अपील की है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068

## खबर संक्षेप

### सेवादल का झंडा वंदन कार्यक्रम



**नवापारा-राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस सेवादल द्वारा दानवीर भामाशाह चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव के हाथों झंडा वंदन कार्यक्रम किया गया जिसमें प्रमुख रूप से नपा के पूर्व अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष धनराज मध्यानी, जिला महामंत्री सौरभ शर्मा बीरबल बंजारा नवा.ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष, चतुर सिंग जगत रायपुर जिला ग्रामीण सेवा.अध्यक्ष, रामकुमार शर्मा उपाध्यक्ष, घनश्याम साहू महामंत्री, भागवत साहू सेवा.मंत्री, सुरेंद्र साहू विस.अध्यक्ष, रामरतन निषाद पा., हेमंत साहनी पा.,डोमन लाल साहू,अमर सिंह चक्रधारी,भारत गिरी गोस्वामी, प्रदीप साहू, शीतल जगत, रूखमणी जगत, नीला जगत, आराधना जगत बाल सेवादल जयबीर जगत, जिज्ञान जगत, कुसुम जगत, मनोहर जगत उपस्थित हुए। पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी जी ने बड़ी विस्तार रूप महिला आरक्षण बिल के विषय में लोगों को जानकारी दी उन्होंने बताया कि यह कानून 2023 में लोकसभा एवं राज्यसभा दोनों सदनों में सर्वसम्मति से पास हो चुका है, लेकिन वर्तमान सरकार के द्वारा महिला आरक्षण बिल के आड़ में परिसीमन करना चाहती थी एवं लोकसभा सीट को 543 से बढ़ाकर 850 सीट करना चाहती थी।

### श्रमिकों के सम्मान के लिए कांग्रेस सदैव समर्पितः बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के अवसर पर राजधानी के शहीद स्मारक परिसर में श्रमिक सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का गौरवशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। उपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास हमेशा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान का रहा है। मोहम्मद सिद्दीक ने इस प्रकोष्ठ को कांग्रेस के मुख्य मोर्चा संगठनों के समकक्ष ला खड़ा किया है। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बुलंद करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह ग़ैंदू , पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा, संयुक्त महासचिव शारिक रईस खान, प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जीवराखन साहू और रेशम लाल अजय ने भी अपने विचार रखे।

### फाइलेरिया व मलेरिया नियंत्रण में राज्य मॉडल की देशभर में सराहना

**रायपुर।** जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। 30 अप्रैल और 1 मई को चंडीगढ़ में आयोजित "नेशनल समिट ऑन इनोवेशन एंड इनक्लूसिविटी- बेस्टर प्रेक्टिस शेपिंग इंडिया फ्यूचर" में राज्य को फाइलेरिया और मलेरिया उन्मूलन के लिए अपनाई गई नवाचारी पहलों पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल राज्य की स्वास्थ्य रणनीतियों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी आधारित मॉडल की सफलता का भी प्रमाण है। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान बिहान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया।

### भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने श्रमवीरों का किया सम्मान

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ रायपुर जिले के संयोजक बृजेश अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर उत्तर विधानसभा के तेलीबांधा मण्डल में मजदूरों के बीच जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं एवं गमछा, श्रीफल भेंट कर मजदूरों का सम्मान किया। साथ ही उन्हें स्वल्पाहार भी कराया गया और उनकी समस्याएं भी सुनी गईं। इस दौरान नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश के संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर, पार्षद महेश ध्रुव, एवं भाजपा के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

**समारोह :** ग्राम पंचायत छुईहा में 1.05 करोड़ रुपए की सड़क का भूमिपूजन

# हर परिवार और अंतिम व्यक्ति की सेवा मेरा जुनून : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

शनिवार को ग्राम पंचायत छुईहा में विकास की एक नई इबारत लिखी गई। बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह में राजिम विधायक रोहित साहू ने मुख्य मार्ग से बहानाकाड़ी तक के निर्माण कार्य का भूमिपूजन और शिलालेख का अनावरण किया। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि 0.80 किमी लंबे इस मार्ग के लिए शासन द्वारा 1 करोड़ 5 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। सभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने केवल झूठ और 'लबारी' के सहारे शासन किया। कांग्रेस ने माताओं-बहनों की योजनाओं और किसानों की खरीदी में जनता को गुमराह किया, लेकिन जनता ने उनके कार्यकाल को देख लिया है। उन्होंने गर्व से कहा कि आज देश को 56 इंच सीने वाला प्रधानमंत्री मिला है, जिसने छत्तीसगढ़ के बदहाल खजाने को सुशासन से भरा है।

**मोदी की गारंटी से निहाल हो रहा छत्तीसगढ़-** विधायक ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पहले ही दिन 18 लाख आवासों (सर्वे 2.0 के तहत अब 70 लाख तक लक्षित) की स्वीकृति देकर गरीबों की चिंता दूर की। 70 लाख महिलाओं को अब तक 27,000 मिल चुके हैं। विधायक ने चुटकी लेते हुए कहा की मेरी माँ और यहाँ बैठी महिला जनप्रतिनिधियों के खाते में भी पैसे आ रहे हैं। तेंदूपत्ता खरीदी 5500 प्रति मानक बोरा की दर से हो रही है।



### सेम्हराडीह को मिली 1.21 करोड़ रुपए की सड़क की सौगात



**कोपरा।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम रोहिना आश्रित ग्राम सेम्हराडीह मे 1.00 किलो मीटर का उन्नयन कार्य 121. 48 लाख रूपये के लागत से हाथीबूढ़ा नाला मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ शनिवार को गांव में भूमि पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू रहे प्रमुख अतिथि क्षेत्रीय जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर इन्द्राणी नेहरू साहू, चंद्रशेखर साहू जिला भाजपा महामंत्री, सतीश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर ने ग्रामीणों के साथ विधिवत पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि ग्राम रोहिना से ग्राम सेम्हराडीह सड़क उन्नयन कार्य से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण अंचल के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र मे मोदी की गारंटी व प्रदेश मे विष्णु देव साय सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने आगे कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की प्रगति की रीढ़ होती हैं और यह परियोजना क्षेत्रवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यात्री क्षेत्रीय जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू ने बताया की इस मार्ग के उन्नयन और सुधार कार्य से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासी इस मार्ग की खराब स्थिति से परेशान थे, जिसे अब भाजपा की सरकार मे विधायक रोहित साहू के प्रयास से दूर किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद किसानों, व्यापारियों और छात्रों को विशेष सुविधा मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में सरपंच रुपेश साहू, नीतू चित्रसेन साहू जनपद सदस्य, उपसरपंच विनोद टंडन, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सेम्हराडीह एस कुमार साहू, ग्राम विकास समिति सचिव तमेश्वर साहू, पूर्व सरपंच होमन लाल साहू, दयाराम ग्राम पटेल, गजेंद्र साहू, पुरषोतम साहू, हुमन साहू, डायमंड साहू सहसपुर, कोमल निषाद, अगनू साहू, मकसुधन साहू, फनेन्द्र साहू, खोमेश्वरी साहू, राम बाई साहू, लेखराम सेन, किसुन साहू,हीरालाल साहू, देऊर साहू, बाबूलाल साहू, नेहरू साहू, बेदराम साहू, लोक निर्माण विभाग राजिम से माधव सिंह देवांगन उप अभियंता, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**विकास यात्रा, राजिम विधानसभा प्रदेश में चौथे स्थान पर-** विधायक रोहित साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत छुईहा में यह उनकी चौथी यात्रा है और अब तक यहाँ पुल, भवन, सीसी रोड और धरसा निर्माण जैसे 4 करोड़ रुपये के कार्य कराए जा चुके हैं। उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राजिम-छुईहा-छुरा मार्ग और राजिम-महासमुंद मार्ग की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने गर्व के साथ साझा किया कि विकास यात्रा के मामले में राजिम विधानसभा पूरे छत्तीसगढ़ में चौथे नंबर पर है और मुख्यमंत्री ने विधानसभा को 4 हजार करोड़ रुपये की राशि दी है।

**7 एकड़ जमीन बेची, पर सेवा नहीं रुकेगी-** भावुक होते हुए विधायक ने अपनी निजी व्यथा भी साझा की। उन्होंने कहा, राजनीति आज टेढ़ी खीर है। मैंने जनता की सेवा के लिए अपनी 7 एकड़ मूल्यवान जमीन तक बेच दी, लेकिन मुझे उसकी चिंता नहीं है। सुबह 11 बजे से रात 2 बजे तक मैं केवल अपने क्षेत्र की चिंता करता हूँ।/" उन्होंने कांग्रेस के बाहरी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि वे चुनाव के समय 'भौंरे' की तरह मंडराते हैं, जबकि भाजपा सुख-दुख की साथी है। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री चन्द्रशेखर साहू, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, सतीश यादव, गोपी ध्रुव, सरपंच विद्या गजेश्वर सिन्हा एवं उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।



## चरौदा में हरा सोना की बंपर खरीदी, ग्रामीणों और मजदूरों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



वनांचल क्षेत्र के ग्राम चरौदा में इन दिनों 'हरा सोना' कहे जाने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण और खरीदी का कार्य पूरे उत्साह और गति के साथ जारी है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तेंदूपत्ता सीजन ग्रामीणों के लिए रोजगार और आय का प्रमुख स्रोत बनकर सामने आया है, लेकिन इस बार संग्रहण और खरीदी का स्तर पहले की अपेक्षा अधिक सक्रिय और संगठित दिखाई दे रहा है। तेंदूपत्ता, जिसे ग्रामीण अंचलों में 'हरा सोना' कहा जाता है, न केवल वनवासियों की आजीविका का आधार है, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी माना जाता है। यही कारण है कि ग्राम चरौदा के ग्रामीण, किसान और मजदूर बड़ी संख्या में इस कार्य से जुड़े हुए हैं। सुबह से ही जंगलों की ओर रुख करने वाले संग्रहकर्ता शाम तक पत्तों का बंडल तैयार कर फड़ (संग्रहण केंद्र) तक पहुंचा रहे हैं। संग्रहण केंद्र (फड़) पर खरीदी कार्य को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए विभागीय अमला और समिति के सदस्य पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहे हैं। खरीदी केंद्र पर पत्तों की गुणवत्ता जांच, गिनती और तौल की प्रक्रिया तय मानकों के अनुसार की जा रही है, जिससे संग्रहकर्ताओं को उचित मूल्य मिल सके। इस वर्ष पूरी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने में पर्यवेक्षक वंदनीय नागेश का विशेष मार्गदर्शन मिल रहा है, जिनके निर्देशन में कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।

## सामाजिक संस्था ने खोला प्याऊ घर

**नवापारा-राजिम।** हसदा नं. 2 में सुश्री डामेश, इंद्रजीत, खुशबू, बिंदिया, कान्हा, राधिका, चंदन कश्यप, लक्ष्मी साहू, तेजल, कुहू, हर्षित, योगेंद्र पटेल, दीपक साहू, ओंकार बंजारे, पूनम साहू, श्वेता चंद्राकर, भोजसर, कमलेश साहू, सुनीता साहू, नंदनी साहू, गीतेश साहू, हिमांचल साहू, दिलीप साहू जैसे युवाओ ने समाज को संदेश देने के लिए प्याऊ घर एवं चिड़िया के लिए प्याला, दाना के साथ ही गौ माता के लिए कोटना की व्यवस्था किया गया। वृक्षों को नया रंग,आकृति दिए गए।




## एकजुटता से अपनी शक्ति साबित कर सकते हैं श्रमिक : डॉ. द्विवेदी

- श्रमिक महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक
- मजदूरों की तरक्की से ही देश का विकास-सांसद ज्योत्सना महंत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर 1 मई को राजधानी रायपुर स्थित मेकाहारा मेडिकल कॉलेज रायपुर के सभागार में श्रमिक महासम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए दैनिक हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा, यह पहली बार देखने को मिला कि एक ही छत के नीचे श्रमिक, कर्मचारी, किसान एवं समाजसेवी बैठे हैं। लोग आजकल ऐसे आयोजन के लिए सबसे छोटे हॉल की व्यवस्था करते है, किंतु आयोजक ने सबसे बड़ा हॉल लिया, पर वह भी छोटा पड़ गया। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों की सफलता है कि मैं आज श्रमिक साथियों के बीच हूं, इसलिए मैं भी गर्व महसूस करता हूं कि पत्रकार भी श्रमजीवी है। कार्यक्रम में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष गुलाब कमरो एवं प्रांतीय संयोजक डा. जेपी श्रीवास्तव शामिल हुए।

डॉ. द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि बड़ी आबादी को पहले मशीन के रूप में इस्तेमाल किया जाता था, अब बड़ी आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि एकजुटता के माध्यम से श्रमिक अपनी शक्ति को साबित कर सकते हैं। जिस व्यक्ति का यकीन परिश्रम में है,

### 11 श्रमिकों को श्रमश्री, 11 को सृजनश्री सम्मान

कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से प्रदेश स्तर पर 11 श्रमिकों को श्रमश्री, 11 व्यक्तियों को सृजनश्री तथा 8 को संस्था कलाश्री अलंकरण के तहत प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

**ये भी रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष अनिल शुक्ला, ओपी शर्मा, गोपाल साहू, करण सिंह अटेरिया, सूरज प्रसाद देवांगन, विद्याभूषण दुबे, रमाकांत झा, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सुशील गुप्ता, मधु बघेल, गीता निषाद, संतोष शर्मा, सालिकराम नवरंग को सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राकेश गुप्ता, राजेश साहू, संजय अम्बष्ट सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन कन्हैया अग्रवाल ने किया।

### ट्रेड यूनियन का कार्य प्रशंसनीय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि ट्रेड यूनियन काउंसिल एक गैर राजनीतिक संगठन होकर विगत 46 वर्षों से निरंतर कार्यक्रम आयोजित करते आ रही है। श्रमिकों के हित में ट्रेड यूनियन का कार्य प्रशंसनीय है। ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष गुलाब कमरो एवं प्रांतीय संयोजक डॉ. जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि विगत 46 वर्षों से ट्रेड यूनियन काउंसिल सरगुजा संभाग के विभिन्न जिला मुख्यालय में 1 मई को श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन कर श्रमिकों का सम्मान करता रहा है। पहली बार राजधानी में ट्रेड यूनियन काउंसिल का कार्यक्रम किया गया, जो आशातीत रूप से सफल रहा। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले श्रमिक एवं अतिथियों का आयोजकों द्वारा पैर पखारकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा बड़ी संख्या में अपनी परंपरागत वेशभूषा एवं तीर-कमान के साथ मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लगभग दो हजार श्रमिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत गुलाब कमरो एवं डॉ. जेपी श्रीवास्तव, भावेश जैन, प्रमोद चौधरी, अनिमेष सिन्हा, आरके खरे, राजेश पांडेय, रूपा अम्बष्ट, शबा परवीन एवं जयंती सिंह ने किया।

## पायलट भी नहीं दे पाएंगे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को उड़ान : संतोष पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- छत्तीसगढ़ की जनता अब झूठ और गुटबाजी के झांसे में नहीं आने वाली

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के रायपुर दौरे और विधायकों की आपात बैठकों को डैमेज कंट्रोल की नाकाम कोशिश करार देते हुए कहा, कांग्रेस का विमान अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिसे कोई भी पायलट अब उड़ान नहीं दे सकता।

श्री पांडेय ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस में असंतोष की आग इतनी भयंकर है कि दिल्ली से विशेष रूप से सचिन पायलट को आग बुझाने के लिए भेजना पड़ा है। लेकिन जिस पार्टी की बुनियाद ही आपसी अविश्वास पर टिकी हो, वहां बैठकों से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। पांच वर्षों के अपने शासनकाल में कांग्रेस ने जो भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियां अपनाई थीं, आज वही असंतोष बनकर उनके विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच फूट रहा है। जनता ने तो उन्हें नकार ही दिया था, अब उनके अपनों ने ही बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। प्रदेश प्रभारी पायलट द्वारा ली गई विधायकों की बैठक के मद्देनजर श्री पांडेय ने कहा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस अब गुटों में बंट चुकी है। सचिन पायलट यहां एकता का पाठ पढ़ाने आए हैं, लेकिन वे खुद जानते हैं कि राजस्थान से लेकर छत्तीसगढ़ तक कांग्रेस की एकता सिर्फ तस्वीरों तक सीमित है। कांग्रेस चाहे कितनी भी बंद कमरे में बैठकें कर ले, छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता का विश्वास वह खो चुकी है। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार आज सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है, जिससे ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस अपनी अंदरूनी लड़ाई को छिपाने का ढोंग कर रही है।

## सुशासन तिहार में पहले ही दिन डेढ़ हजार से ज्यादा आवेदन, 90 फीसदी मांग वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से सबसे ज्यादा, सूरजपुर दूसरे नंबर पर

मजूदर दिवस के दिन से पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार शुरू हो गया। 10 जून तक चलने वाले इस अभियान में प्रदेशभर के लोग अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन और दूसरी शिकायतें शासन-प्रशासन को सौंप सकते हैं। मुख्यमंत्री और मंत्री भी अलग-अलग जिलों में जाकर लोगों से बात करेंगे और उनकी शिकायतें सुनेंगे। शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी देंगे।

पिछले वर्ष की तरह पूरे प्रदेश में इस अभियान के तहत लोगों की समस्याओं का एक निश्चित समय सीमा में निराकरण करने की रणनीति तैयार की गई है। शिकायतों और मांगों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। पोर्टल पर दर्ज जानकारी के मुताबिक पहले दिन राज्य के 10 जिलों में 15 सौ 66 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 1487 आवेदन मांगों से संबंधित हैं, जबकि शिकायतों की संख्या 40 से भी कम है। आवेदन के मामले में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला सबसे आगे रहा।

यहां 662 लोगों ने अपनी मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन दिए, जबकि सूरजपुर जिले के 346,रायपुर के 221, बलौदाबाजार-भाटापारा के 146 ने भी पहले दिन अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि बालोद के 40, कबीरधाम के 31, महासमुंद के 12 ने भी मांगों और शिकायतों के आवेदन सौंपे।

### प्रधानमंत्री आवास, सड़क भवनों की मांग ज्यादा

सुशासन तिहार में पिछले साल की तरह इस साल भी प्रधानमंत्री आवास की मांग करने वालों की संख्या ज्यादा है। पहले ही दिन प्रधानमंत्री आवास के 444, ग्रामीण विकास के 305, स्वच्छता के 105, सड़क, पुल-पुलिया के 88 से ज्यादा आवेदन दर्ज किए गए हैं। मिले आवेदनों को दर्ज करने का सिलसिला रात तक जारी था।

**अप्रैल की खपत पर मई के बिल में लगेगा साढ़े तीन फीसदी शुल्क**

## गर्मी में खपत की आफत, पर मई के बिल में एफपीपीएएस शुल्क में राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं की खपत गर्मी में आफत जैसी है। गर्मी में खपत में भारी इजाफा हो गया है। ऐसे में भारी भरकम बिल आ रहा है। ऐसे समय में एक राहत वाली बात यह है कि इस बार मई के बिल में जो अप्रैल की खपत पर एफपीपीएएस शुल्क लिया जाएगा, वह महज साढ़े तीन फीसदी रहेगा। ऐसे में उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिलेगी। वैसे बीते तीन माह से इस शुल्क में कुछ राहत मिल रही है। आने वाले समय में जरूर बिजली महंगी होने का झटका लगेगा जब नया टैरिफ तय होगा।

नए साल के पहले माह जनवरी में जो दिसंबर का बिल आया था, उसमें 13.64 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया। इसमें जहां 5.43 फीसदी पुराना शुल्क है, वहीं दिसंबर का 8.21 फीसदी शुल्क शामिल है। दिसंबर में एफपीपीएएस शुल्क 16.42 फीसदी तय हुआ था। इसमें से आधा दिसंबर के बिल के साथ लिया गया। इसके बाद बचा आधा 8.21 फीसदी शुल्क जनवरी के बिल में लिया गया। फरवरी में जब जनवरी का बिल आया तो उसमें पुराना 8.21 फीसदी शुल्क और जनवरी का नया शुल्क 4.14 फीसदी भी लिया गया। ऐसे में इस माह भी डबल झटका लगा था। लेकिन मार्च में जब फरवरी का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क 5.91 फीसदी लगा। इसके बाद अप्रैल में मार्च का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क और कम होकर 4.24 फीसदी लगा। अब मई में जब अप्रैल का बिल आएगा तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क साढ़े तीन फीसदी के आसपास रहेगा।

### बीते साल कई माह लगा डबल झटका

बिजली का नया टैरिफ बीते साल जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई थी। ऐसे में जब बीते साल अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया। इसके बाद दिसंबर में जो नवंबर का बिल आया इसमें 12 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क का झटका लगा। नवंबर में अक्टूबर का 9.59 फीसदी और नवंबर का 2.41 फीसदी शुल्क दिसंबर के बिल में लिया गया।

**खबर संक्षेप**



## स्वामी आत्मानंद स्कूल मैनपुर का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**मैनपुर।** निजी स्कूलों के वर्चस्व के बीच मैनपुर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम शासकीय विद्यालय ने इस वर्ष 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर एक नई मिसाल कायम की है। खास बात यह रही कि हर कक्षा में बेटियों ने टॉप कर इतिहास रच दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। ग्रामीण अंचल के साधारण परिवारों से आने वाली इन छात्राओं ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से हर मंजिल पाई जा सकती है। पांचवीं में शालिनी नेताम 97 प्रतिशत, आठवीं में गुलफ्शा फातिमा 93 प्रतिशत, (संयुक्त रूप से लावण्या तारक), दसवीं में कुस्मिता साहू 91.83 प्रतिशत और बारहवीं में प्राची यादव 86.2 प्रतिशत ने अपने–अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते विश्वास और गुणवत्ता का प्रमाण है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए यह विद्यालय आज एक नई उम्मीद और उज्ज्वल भविष्य का द्वार बन चुका है। विद्यालय के प्राचार्य बिश्राम सिंह नागेश के कुशल नेतृत्व में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने निरंतर मेहनत, मार्गदर्शन और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को तैयार किया, जिसका प्रतिफल आज इस शानदार परिणाम के रूप में सामने आया है।

## व्याख्याता गीतिका शर्मा को पीएचडी की उपाधि

**राजिम।** भारतीय संस्कृति में श्रीमदभागवत गीता का विशेष स्थान है। यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, अपितु जीवन जीने की



कला, नैतिकता, कर्तव्यबोध एवं आत्मबोध का अमूल्य ग्रंथ है। गीता न केवल धर्म और आध्यात्म की शिक्षा देती हैं, बल्कि व्यक्ति के चारित्रिक निर्माण, निर्णय क्षमता, मानसिक संतुलन एवं जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को भी पुष्ट करती है। उक्त विचार स्कूल ऑफ एजूकेशन मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ से पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर व्याख्याता गीतिका शर्मा ने व्यक्त किया। विदित हो कि गीतिका शर्मा पूर्व में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में अंग्रेजी विषय की व्याख्याता पद पर कार्यरत थी। डॉ. गीतिका शर्मा, फतेहचंद शर्मा की सुपुत्री है।

## कच्चे मकान और पैरावट में लगी भीषण आग मुआवजे की मांग



**फिंगेश्वर।** ग्राम सिरीकला ऋगरोड में स्थित जितेन्द्र ध्रुव पिता कन्हैयालाल ध्रुव के कच्चे मकान में शनिवार को दोपहर आगजनी की घटना हो गई जिसस मकान का ऊपरी हिस्सा पूरी तरत से जल गया। इसके साथ ही इस आगजनी के चलते हेमंत साहू, माखन साहू के बियारा में रखे पैरावट भी आग के चपेट में आ गया। आग लगने की घटना सुनकर आसपास के ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने की कोशिश किया गया लेकिन आग विकराल हो चुका था इसके उपरांत फायर ब्रिगेड सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे तब जाकर आग पर काबू पा लिया गया है।आग कैसे लगी, आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। गनीमत रही कि ये घटना कम आबादी वाले क्षेत्र में हुआ वरना भीषण गर्मी में घने आबादी में होने से, स्थिति कुछ और ज्यादा भयावह हो सकता था। ग्रामीणों ने एवं पीड़ित पक्ष ने शासन से मुआवजे की मांग की है।

**परिणाम :** लक्ष्य और कुमकुम ने हासिल किए 98 प्रतिशत से अधिक अंक

# स्वामी आत्मानंद स्कूल छुरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, छुरा में आज शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों की भारी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष सीआर सिन्हा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक जैन, उत्तम साहू और तामेश्वर निषाद ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का गरिमामयी मंच संचालन विद्यालय के व्याख्याता दिवस कुमार यादव और बिनेश कुमार डनसेना द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सीआर सिन्हा ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति की नींव है। आज के इन मेधावी छात्रों को देखकर गर्व हो रहा है, इनकी सफलता के पीछे इनके माता-पिता और शिक्षकों का समर्पण है।/" विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, /"आज का दिन हमारे स्कूल के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। हमारे छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं सहित सभी कक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य की उपस्थिति में घोषित परिणामों के अनुसार,




कक्षा प्रथम में युवांशी बघेल 97.60% प्रथम, मान्यता सोम 94.93% द्वितीय और मान्हवी निर्मलकर 93.86% तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा द्वितीय में दिशांक मरकाम 96.20%, तेजस्वी नायक 95.70% और कुमकुम यादव 95.60% ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय के परिणामों में कुमकुम वर्मा 98%, कुणाल सिंह ठाकुर 96.20% और ईशा नायक 91.80%शीर्ष पर रहे। कक्षा चौथी में लक्ष्य चंद्राकर 98.40%, अनिरुद्ध निर्मलकर 98.30% और सरफराज खान 96.70% ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा छठी में प्रेरणा त्रिपाठी 92.10%, झरना यादव 90.70% और मान्यता मेहता 89.40% ने बाजी मारी। कक्षा सातवीं में हर्षा पटेल 93.90%, हेमप्रभा साहू 93.40% और तेजस्वी कंवर 92.90% ने स्थान हासिल किया। कक्षा नवीं में अदिति निर्मलकर 92.60%, प्रयाग कंसारी 92.20% और गरिमा अग्रवाल 87.40% ने टॉप किया।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी रुवाड़ का परीक्षाफल उत्कृष्ट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूवाड के परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। शाला विकास प्रबंधन समिति के सभी सदस्यगण, प्राचार्य सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और सभी ग्राम प्रमुखों ने समस्त सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। और कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान रखते हुए जो परीक्षार्थी असफल हो गये है,वे निराश न हों। पुनः अच्छी पढ़ाई करके परीक्षा में सम्मिलित होने पर सफलता अवश्य मिलेगी। कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में दर्ज संख्या 33 जिसमें उपस्थित 32 हुए उत्तीर्ण 32 इसमें प्रथम श्रेणी में 17 द्वितीय 15 कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया जयमनी पिता पचकोड मरकाम ने 91.16 अंक प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान लाने वाले तुलेश्वरी पिता सदानंद चक्रधारी ने 82 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 12 वीं में गीतांजलि पिता उग्रसेन साइंस में 84.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान मिला इसी तरह कक्षा 12वीं साइंस में दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले भुनेश्वरी पिता गुणेश्वर ने 80 प्रतिशत लाया। इस वर्ष रूवाड के



विधार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जिसमें छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपने संस्थान,गुरूजनो एवं माता पिता का नाम रोशन करने वाले सभी विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## द हाईट्स स्कूल मैनपुर के बच्चों का 5वीं और 8वीं में शानदार प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर नगर के द हाईट्स इंग्लिश मिडियम स्कूल के कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 5वीं में भाविका सोनी ने 94.05 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मिताली निर्मलकर ने 93.01 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा चाहत राजभर ने 92.95 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में वंशिका कश्यप ने 94.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। देवेंद्र नागेश ने 93.97 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा ऐश्वर्या नागेश ने 93.45 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

# सरस्वती शिशु मंदिर छुरा में बोर्ड कक्षाओं के परिणाम घोषित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में बोर्ड कक्षा 5वीं, 8वी 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम सुनाया गया एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो प्रदान किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यीतेश पटेल पूर्व छात्र, अध्यक्षता तुकेशवर साहू पालक ,विशेष अतिथि लीना दुबे पालक ,स्थानीय समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, व्यवस्थापक संतोषी यादव पूरे समय तक उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करके हुआ । चूंकि बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम बाद में आता था इसलिए इस प्रकार का आयोजन नहीं हो पाता था यह पहला भव्य आयोजन है जिसमें परिणाम की घोषणा के साथ-साथ समस्त बोर्ड कक्षाओं के बच्चों को एक साथ समूह में परीक्षा परिणाम सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी क्रम में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान लिपाक्षी साहू 85.2% द्वितीय स्थान इशिका यादव 83% प्रीति तृतीय स्थान चंद्रप्रभा साहू 80.4% रहा। कक्षा दसवीं प्रथम स्थान अस्मिता साहू 92.33% द्वितीय स्थान साक्षी साहू 90.83 %तृतीय स्थान अंजली यादव 86.33 % रहा ।कक्षा आठवी प्रथम स्थान सौम्या लहरे 92.15% द्वितीय स्थान पूनम यदु 91.68% तृतीय स्थान अमनदीप साहू 90% रहा ।कक्षा पांचवी प्रथम स्थान भूमि राज साहू 95.65% द्वितीय स्थान खिलिका सेन 94.35% तृतीय स्थान कुमकुम साहू 92.4% रहा। मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि प्रत्येक बच्चे को पढ़ाई के साथ-साथ एक स्किल अपनाना चाहिए। टुकेश्वर साहू ने बच्चों को कहा कि परिश्रम का फल अवश्य मिलता है जीवन में निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। इस अवसर पर टीकम मरकाम किरण वर्मा, सेवक निषाद ओम, डहरिया टोमन ठाकुर, होरीलाल साहू, मनोज निर्मलकर, भारती यादव, अलका सिन्हा ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# कन्या शाला छुरा का परीक्षा परिणाम घोषित 12वीं में दुर्गेश्वरी और 10वीं में तेजस्वी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किया है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनीता सिन्हा, प्राचार्य आशा रानी चतुर्वेदी, समाजसेवी शीतल ध्रुव पालक रामेश्वर साहू संतोष ध्रुव, वीरेंद्र ठाकुर वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू की उपस्थिति में प्राचार्य ने परिणाम घोषित किया गया। स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया प्राचार्य ने बताया कि इस बार 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम अच्छा रहा। कक्षा



12वीं दर्ज संख्या 110 जिसमें कला संकाय में 47, गणित विषय में 07 बायो में 32 कॉमर्स संकाय मे 24रहा प्रथम स्थान दुर्गेश्वरी 92.4% द्वितीय स्थान तनुश्री 92% तृतीय स्थान सोनिया ध्रुव 87.8 प्रतिशत रहा, कक्षा 12वीं का परीक्षाफल 91.81% रहा, कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान तेजस्वी 95% द्वितीय स्थान वर्षा 88% तृतीय डिंपल 85% डोमेश्वरी 85% रही, कक्षा ग्यारहवीं में दर्ज संख्या 121 जिसमें कला संकाय 42 गणित में 05 विज्ञान में 24 वाणिज्य में 50 रही 118 उपस्थित 03 अनुपस्थित रहे, प्रथम स्थान वर्षा कोमर्रा कॉमर्स, 91.38% द्वितीय स्थान चेतना साहू बायो 88.34% प्रतिशत रही तृतीय स्थान रश्मि देवांगन गणित 86.38 %प्रतिशत रही परीक्षा फल 94.9% रहा। कक्षा 9वी में दर्ज संख्या 105 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित 104 रही एक अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षक गण कृष्ण कुमार साहू,भूपत कन्नौजे, चंद्रावती सिंहा, युवराज कंवर, रेखा प्रधान,हुमेश्वरी ठाकुर,नेहा जायसवाल,सीमा, वंदना देवांगन, चंद्रप्रभा सेन, पूर्णिमा ध्रुव, लॉरेंस महिलागें, डोमेश्वर ध्रुव, नागेंद्र देवांगन, लोकेंद्र कुमार, मोहन ध्रुव, हेमंत वर्मा, पालकगण विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

# पृथ्वीम फाउंडेशन ने किया मेधावी छात्रा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पृथ्वीम फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बारहवीं बोर्ड की प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान हासिल कर राजिम क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाली छात्रा प्रेमीन सोनकर का सम्मान किया। उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पृथ्वीम फाउंडेशन की सदस्यों ने मेघावी छात्रा प्रेमीन साहू के निवास पहुंचकर उनका मुंह मीठा कराया। फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा के कहा राजिम कि बेटी ने प्रवीण्य सूची में स्थान हासिल कर



राजिम अंचल का मान बढ़ाया है। जो प्रदेश की अन्य दूसरी बेटियों के लिए प्रेरणाश्रोत है। शिक्षा ही माध्यम जो मंजिल का मार्ग सुनिश्चित करता है। बेटियां अपने मेहनत के बल पर प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है। समिति संसाधनों एवं सुविधाओं के बावजूद बेटियां अपने मेहनत के दम पर बेहतर प्रदर्शन कर रही है। इस अवसर पर फाउंडेशन की सदस्य सविता गोस्वामी, पूजा सायरानी, हर्षा कंसारी मौजूद रही।

फोटो नं 15

**भुजिया आदिवासियों की संस्कृति का अहम भाग है, लड़कियों का कांड विवाह**

# भुंजिया समाज में आज भी कायम है कांड विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के भुजिया जनजाति की परंपराओं में विशेषकर यह तीर विवाह उनकी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। इसमें लड़कियों के मासिक धर्म आने से पहले उनका विवाह तीर के साथ करवाया जाता है। इसका उद्देश्य है कि इस परंपरा के पीछे मान्यता है कि इसके माध्यम से वे बेटियां को दूध के क़र्ज़ से मुक्त करते हैं। यह तीन दिनों तक चलने वाली रस्म है, जिसमें हल्दी, गीत और नृत्य शामिल होते हैं। इसके बाद,जब लड़कियां बालिग हो जाती है, तो उनकी विधिवत शादी किसी युवक से की जाती है। दिनवारी द्वारा छिन्द का मोर बनवाया जाता है और लड़की के सिर पर बांधा जाता है और तीर को भी मोर से बांधकर लड़की को तीर पकड़ाया जाता है। तीर को भी तेल हल्दी चढ़ाया जाता है सभी लोग देवी देवताओं के गीतों के माध्यम से उनकी सेवा जोहार करते हैं। पारंपरिक गीत में रात भर मड़वा जागते हैं।

**सामाजिक अनिवार्यता-** कांड विवाह की



देखरेख एवं जिम्मेदारी महिलाओं के हाथ में रहती है। इस विवाह में महिलाओं की विशेष भूमिका होती है। यह संस्कृति कई सदियों से चली आ रही है। इसलिए आज भी भुजिया समाज के लोग अपनी परंपरा को निभाते आ रहे हैं। समाज के प्रमुख देवलाल बारिक, कुबेर बारिक, भागीरथी भुजिया ने बताया कि कांड विवाह का मुख्य उद्देश्य यौन स्थिति में आने से पहले समाज के नियम कानून लड़कियों पर लागू करने के लिए किया जाता है। लोग मानते हैं कि जितनी जल्दी लड़कियों को समाज के नियम कानून सिखाएं जाएं, उतना अच्छा होता है। इस विवाह के बाद लाल बंगले से संबंधी नियम कानून उन पर भी लागू हो जाते हैं। कांड विवाह नहीं करने से उस लड़की की शादी समाज में नहीं हो सकती, इसलिए कांड विवाह करना बहुत आवश्यक है।

# प्रतिभाओं को निखार रहा रवेली का ग्रीन पार्क विधायक साहू ने की ओपन जिम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

राजिम तहसील के ग्राम रवेली स्थित ग्रीन पार्क मैदान में क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए निरंतर खेल गतिविधियों का सफल संचालन किया जा रहा है। यहां नियमित रूप से खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकसी सहित विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है, जिसमें आसपास के गांवों के बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इन खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में शारीरिक सुदृढ़ता, अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है। खेल न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि बच्चों को नशे और गलत संगति से दूर रखकर उज्ज्वल



भविष्य की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। क्षेत्र के युवा प्रशिक्षक ताराचंद निषाद पिछले चार वर्षों से निःशुल्क सेवा देते हुए बच्चों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। उनके इस सराहनीय और समर्पित कार्य को देखते हुए विधायक रोहित साहू द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने खेलों को बढ़ावा देने हेतु खिलाड़ियों के लिए ट्रैकसूट उपलब्ध कराने तथा ग्रीन पार्क मैदान रवेली में ओपन जिम सामग्री हेतु राशि की घोषणा की। इस घोषणा से क्षेत्र के खिलाड़ियों और युवाओं में उत्साह का वातावरण है तथा ग्रामीण क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार को नई दिशा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयास निश्चित रूप से आने वाले समय में अनेक प्रतिभाओं को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फेन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740